पंजाब केसरी 08/04/2026

जी.एम.एन. कॉलेज के छात्र ने जिला स्तरीय नशा जागरूकता प्रतियोगिता में जीता तीसरा स्थान

अम्बाला, 7 अप्रैल (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के एम.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र गौरव भारद्वाज ने राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय, साहा अम्बाला में आयोजित जिला स्तरीय नशा जागरूकता प्रतियोगिता में पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ भाग लिया। गौरव भारद्वाज ने नशा दुरुपयोग जैसे अत्यंत गंभीर सामाजिक मुद्दे पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से विचार प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति को विषय की स्पष्टता, प्रभावी सामग्री तथा समाज को जागरूक करने वाले सशक्त संदेश के लिए विशेष सराहना मिली।

छात्र को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त व अन्य। (चंद्रमोहन)

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए गौरव की यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक कौशल, प्रस्तुतीकरण क्षमता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनकी सफलता ने न केवल महाविद्यालय को गौरवान्वित किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी। उन्होंने गौरव को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की सफलताएं संस्थान की गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा प्रणाली को प्रतिबिंबित करती हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं में सहभागिता विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करती है।

इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी गुप्ता, वाईआरसी समन्वयक डा. राकेश, एंटी-ड्रग्स क्लब समन्वयक डा. सरोज तथा अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष गीत बिंद्रा ने भी गौरव भारद्वाज के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।